**विधान परिषद के तृतीय सत्र 2023 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर:-**

| | | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|---|
| 4 | (क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि राजधानी लखनऊ से ग्रामीण सुदूर क्षेत्रों जो आवागमन की सुविधा से वंचित हैं, जनहित में ऐसे ग्रामों/टाउन एरिया आदि में राजकीय परिवहन निगम की बसों का संचालन कराये जाने की योजना है? | जी हाँ। |
| | (ख) | यदि हां, तो क्या राजधानी लखनऊ से प्रात: 7.00 बजे व अपराह्न 3.00 बजे सण्डीला, भजेहटा-समुखा होते हुए बाया टाउन एरिया कुरसथ होकर माधौगंज, बिलग्राम तक (जनपद- हरदोई के अन्तर्गत) जाने एवं उसी प्रकार बिलग्राम/माधौगंज- कुरसथ- समुखा-भजेहटा-सण्डीला होते हुए लखनऊ हेतु प्रात: 7.00 बजे व अपराह्न 3.00 बजे उ0प्र0 राज्य परिवहन निगम कैसरबाग-लखनऊ डिपो की बस का संचालन किया जा रहा था, जो विगत काफी समय से बन्द है? | प्रश्नगत मार्ग पर भजेहटा तिराहा-समुखा-कुरसथ एकल (सिंगल रोड) मार्ग है तथा अनेक स्थानों (यथा- जलिहापुर, समुखा तिराहा व सरदारनगर तिराहा) पर अत्यन्त संकरा मार्ग है। मार्ग की चौड़ाई लगभग 09 फुट है जबकि निगम बस की चौड़ाई लगभग 8.5 फुट होती है। एकल मार्ग अनेक स्थानों पर संकरा होने के कारण विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों (यथा ट्रैक्टर, टैम्पों जीप तथा दो पहिया वाहन) को पास देने में तथा ओवरटेक करने में कठिनाई के फलस्वरूप बस संचालन यातायात में बाधक है, जिस कारण पूर्व में संचालित इस बस सेवा का संचालन माह मार्च 2020 से बन्द करना पड़ा। |
| | (ग) | क्या जनहित में जनता की परिवहन की कठिनाई एवं मांग के दृष्टिगत प्रश्नकर्ता के निर्वाचन क्षेत्र जनपद हरदोई के अन्तर्गत उक्त बन्द की गयी बस सेवा को ग्रामीण जनता को सुगम यातायात उपलब्ध कराने हेतु परिवहन निगम की बस को पुन: संचालित करायेंगे? | मार्ग संकरा होने के कारण संचालन सम्भव नहीं है। |
| | (घ) | यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।